दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का हो रहा था शादी, पुलिस ने रूकवाई

- **शादी में भीड़ जुटने की सूचना पर पुलिस शादी घर में दी थी दबिश**
- **दुल्हे के पिता पर लॉकडाउन का उल्लंघन का मामला दर्ज**

**रायगढ़।** दिनांक 22/05/2021 को थाना कोतवाली अन्तर्गत ग्राम उर्दना में शादी घर में काफी भीड़ जुटने की सूचना कोतवाली टीआई को मिली। टीआई मनीष नागर हमराह स्टाफ के साथ ग्राम उर्दना पहुंचे। गांव के कोटवार रतन महंत बताया कि गांव का मानसिंग मिंज अपने लड़के की शादी जिला अंबिकापुर की लड़की के साथ तय किया है। शादी में कई गांव से मेहमान आ रहे हैं, आज भी विवाह कार्यक्रम चल रहा है। पुलिस टीम शादी घर में पहुंची तो घर में आसपास के काफी लोग बगैर मास्क, सोशल डिस्टेसिंग की परवाह किये मिले। वहां मौजूद एक व्यक्ति ने कोतवाली स्टाफ का बताया कि दुल्हा नाबालिग है। तब स्टाफ द्वारा दुल्हे के परिवारवालों से पूछताछ किये तो उसकी उम्र 20 वर्ष पायी गई, जिन्हें 21 वर्ष के पश्चात शादी करने की समझाइश देकर शादी रूकवाया गया। शादी कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में मानसिंग मिंज से परमीशन कागज दिखाने को कहने पर उसने परमीशन नहीं लेना बताया। कोतवाली पुलिस द्वारा मानसिंग मिंज पिता दशाराम मिंज उम्र 55 वर्ष निवासी उर्दना के विरूद्ध धारा 269, 270 भादवि की कार्यवाही की गई है। साथ ही महिला बाल विकास अधिकारी को निर्धारित उम्र के पूर्व शादी किए जाने की सूचना कोतवाली पुलिस द्वारा दी गई है।

### घर पर महुआ शराब बेचने की सूचना पर चौकी प्रभारी खरसिया किये रेड

**खरसिया।** दिनांक 21.05.2021 को चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक नंदकिशोर गौतम को मुखबिर से सूचना मिली कि तुर्रीभाठा का अक्षय कुमार बंजारे सोनु पार्षद के मकान में किराये पर रहता है और महुआ शराब की ?बिक्री घर पर करता है। सूचना पर चौकी प्रभारी गौतम हमराह प्रधान आरक्षक अशोक देवागंन, आरक्षक कीर्ति सिदार, सोहन लाल यादव, साविल चन्द्रा के साथ जाकर दबिश दिये। पुलिस को आता देख घर पास लगी भीड़ इधर-उधर भागने लगी। गवाहों के समक्ष आरोपी अक्षय कुमार को पकड़ा गया, जिसके कब्जे से जुमला 08 लीटर महुआ शराब कीमती 800 रू, पालीथीन 40 नग, नगदी रकम 350 रू जप्त किया गया। आरोपी अक्षय कुमार बंजारे पिता हीरालाल बंजारे उम्र 27 साल साकिन शारदा बिहार टीपी0 नगर मानिकपुर चौकी कोरबा हा0मु तुर्रीभाठा खरसिया को उक्त कृत्य पर धारा 34 (2),59 (क) आबकारी एक्ट तथा संक्रमण फैलने की संभावना होने व लाकडाउन आदेश का उल्लंघन किये जाने से धारा 269,270 भादवि के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया, माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी का जेल वारंट जारी किये जाने पर आरोपी को स्टाफ द्वारा जेल दाखिल किया गया है।

### जरूरतमंदों को राशन वितरण के लिए दिए गए 10 लाख

- **कलेक्टर भीम सिंह ने सीएसआर मद से जारी की राशि**

**रायगढ़ ।** कोरोना महामारी के नियंत्रण के लिए लगाए गए लॉकडाउन के चलते दिहाड़ी श्रमिकों और रोज कमाने खाने वाले परिवारों के सामने खाद्य संकट उत्पन्न न हो इसके लिए लगातार राशन वितरण की व्यवस्था की जा रही है। कलेक्टर भीम सिंह ने इसके लिए सीएसआर मद से 10 लाख रुपये प्रदान किये हैं। उक्त राशि का उपयोग रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत जरूरतमंद लोगों को सूखा राशन के पैकेट वितरण के लिए किया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम ऑडिटोरियम में कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां राशन के पैकेट तैयार कर वितरण का कार्य किया जा रहा है। पैकेट को परिवार के पोषण आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है। पैकेट में दाल, आटा, सोयाबीन की बड़ी, चना, तेल, मसाले सहित 9 सामाग्री होती है। शासन के निर्देशानुसार उचित मूल्य की दुकानों से चावल का प्रदाय किया जा रहा है। नगर निगम से प्राप्त जानकारी अनुसार सीएसआर मद से प्रारंभ में मिले 5 लाख रुपये से लगभग 8 सौ पैकेट का वितरण किया गया है। इसके साथ 05 लाख रुपये की राशि और जारी की गयी है। जिससे लगभग 8 सौ पैकेट का वितरण और किया जा सकेगा। शहर के विभिन्न वार्डो के जरूरतमंद लोगों को यह राशन वितरित किया जाता है। इसी क्रम में गत दिवस शहर के वार्ड क्रमांक 40 की कुछ महिलाओं ने राशन प्रदान किये जाने की बात रखी थी। कलेक्टर सिंह के निर्देश पर आज उक्त महिलाओं को उनके वार्ड में जाकर राशन का वितरण नगर निगम द्वारा किया गया।

# कोविड से निपटने जिले में तैयार किया गया मजबूत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर

- **130 आईसीयू और 1132 ऑक्सीजन बेड सहित 1854 बेड की सुविधा उपलब्ध**
- **पीक में भी पर्याप्त संख्या में ऑक्सीजन बेड थे उपलब्ध**
- **जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 50 ऑक्सीजन बेड हेतु पाइपलाइन फिटिंग की तैयारी**





**रायगढ़ ।** आपदा शब्द का प्रयोग असाधारण स्केल पर आने वाली विपदा के लिए होता है। स्वाभाविक तौर पर जब कोई विपदा बड़े पैमाने पर आती है तो उपलब्ध संसाधनों के त्वरित विस्तार की आवश्यकता होती है। कोविड संक्रमण की ऐसी आपदा जनक स्थिति में उससे निपटने के लिये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार जिला स्तर पर संसाधनों की तैयारियां भी आपदा के स्केल के मुताबिक रखी गई। जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र चौबे और उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल द्वारा समीक्षा बैठकों में दिए निर्देशों के अनुरुप जिला प्रशासन ने लगातार कार्य किया। कलेक्टर भीम सिंह के नेतृत्व में रायगढ़ जिला प्रशासन ने हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर लगातार काम किया। जिसका परिणाम यह रहा कि कोविड मरीजों के उपचार के लिये आज रायगढ़ जिले में लगभग 130 आईसीयू, 1132 ऑक्सीजन बेड सहित 1854 बेड का इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। जिसमें से 82 आईसीयू और 773 ऑक्सिजनेटेड बेड के साथ कुल 1340 बेड शासकीय कोविड अस्पतालों में मौजूद है। आज की स्थिति में जिले में 55 आईसीयू, 463 ऑक्सिजनेटेड सहित कुल 875 बेड रिक्त हैं। इस लिहाज से देखा जाए तो जिला प्रशासन ने आपदा के मुताबिक अतिरिक्त ऑक्सीजन बेड की व्यवस्था सुरक्षित रखी। यही नहीं अपने पीक के दौर में भी रायगढ़ जिले में ऑक्सीजन बेड की किसी तरह की कमी नहीं थी और न ही ऑक्सीजन की किसी प्रकार की कमी हुई। यह आपदा के मुताबिक तैयारी करने वाले जिला प्रशासन की सजगता की वजह से संभव हो पाया। कलेक्टर भीम सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि हमें तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना है ताकि किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने में हम पूरी तरह से सक्षम रहें। जिले में ऑक्सीजन बेड की उपलब्धता के अच्छे नतीजे सामने आए हैं। रिकवरी रेट काफी अच्छा है। अभी यह लगभग 88 फीसदी है और यह हर दिन बेहतर हो रहा है। कलेक्टर भीम सिंह ने इंटेंसिव केयर यूनिट की व्यवस्था के भी विशेष निर्देश दिए थे। इसके लिए 10 इनवेसिव वेन्टीलेटर्स के साथ 50 नॉन इनवेसिव वेंटीलेटर्स बाइपेप मशीनें भी खरीदी गयी। जिले में पीक के समय में लगभग 1200 केस आये, इस लिहाज से जिला प्रशासन का इंफ्रास्ट्रक्चर कोविड का सामना करने पूरी तरह से तैयार था और आपदा जिस स्केल पर आई उससे अधिक तैयारी जिला प्रशासन की थी। कलेक्टर भीम सिंह ने यह भी सुनिश्चित किया कि ऑक्सीजन सप्लाई सुनिश्चित रहे इसके लिए फ्लो मीटर की व्यवस्था की गई। इसके लिए उन्होंने देशभर में संपर्क किया कहीं पर डीलरों से आपूर्ति हुई और कहीं पर डीलर जब आपूर्ति नहीं कर पाए तो दूसरे जिलों के अपने साथी आईएएस ऑफिसर से इस बारे में चर्चा की और फ्लोमीटर की व्यवस्था सुनिश्चित कराई।

**विकासखंडों में भी तैयार किया जा रहा है मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर** – कलेक्टर सिंह ने यह भी सुनिश्चित किया कि विकास खंडों में भी ऑक्सीजन बेड की पर्याप्त व्यवस्था हो। इसके लिए विकासखंड स्तर पर ऑक्सीजन की सुविधायुक्त कोविड केयर सेंटर्स शुरू किए गए। इन कोविड केयर सेंटर्स में नॉन इनवेसिव वेन्टीलेटर्स भी दिए गए हैं। जिससे गंभीर मरीजों को विकासखंड स्तर पर इलाज सुनिश्चित हो। इसके साथ ही तीसरी वेव से निपटने के लिए भी जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही है। प्रत्येक विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 50 बेड के ऑक्सीजन पाइपलाइन तैयार किए किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। तीसरी लहर में बच्चों के बड़े पैमाने पर संक्रमित होने की आशंका पर इसकी व्यवस्था भी कराई जा रही है।

## हत्या में शामिल दो आरोपियों को कापू पुलिस गिरफ्तार कर भेज रिमांड पर

- **बहन को झगड़ते देखे दोस्त के साथ मिलकर कर दी थी जीजा की हत्या**

**रायगढ़।** दिनांक 21/05/2021 को कापू पुलिस द्वारा ग्राम पारेमेर बाघआमा में अधेड़ व्यक्ति की उसके साले एवं उसके दोस्त द्वारा डंडे से मारपीट कर हत्या करने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पारेमेर बाहआमा निवासी रतिराम कोरवा पिता स्व. नहर सिंह कोरवा उम्र 45 वर्ष अपनी पत्नि शांति कोरवा के साथ रहता है। रतिराम कोरवा अपनी पत्नी से आए दिन झगड़ा विवाद करता था। दिनांक 19.05.2021 के शाम को भी रतिराम पारिवारिक बातों को लेकर उसकी पत्नी शांति कोरवा के साथ झगड़ा विवाद कर रहा था। उसी समय रतिराम कोरवा का साला नान कुमार अपने साथी संजय कोरवा के साथ अपनी बहन शांति से मिलने बाघआमा आये हुये थे जो



झगड़ा को शांत करने का प्रयास किये पर झगड़ा शांत न होकर और बढ़ गया। झगड़ा मारपीट में नान कुमार और संजय दोनों लकड़ी के डंडे से रतिराम कोरवा के सिर के पीछे में मारकर उसकी हत्या कर दिये। घटना की रिपोर्ट मृतक के चचेरे भाई कुंवर साय द्वारा थाना कापू में दर्ज कराया गया, रिपोर्ट पर आरोपी 1- (1) नान कुमार कोरवा पिता गोविन्द कोरवा उम्र 20 वर्ष (2) संजय कोरवा पिता धनी कोरवा उम्र 19 वर्ष दोनों ग्राम पारेमेर थाना कापू के विरूद्ध अप.क्र. 54/2021 धारा 302, 34 भादवि दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## मुर्गा पार्टी के शौंक में गांव के चार युवकों ने छात्रावास भवन में की चोरी

- **आरोपियों से गैस सिलेंडर व करीब 50 हजार के इलेक्ट्रानिक सामान बरामद**

**रायगढ़।** थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक एल.पी. पटेल के नेतृत्व में आज थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बगुडेगा बालक छात्रावास से गैस सिलिंडर और इलेक्ट्रानिक सामानों की चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास बगुडेगा के अधीक्षक राकेश कश्यप द्वारा दिनांक 20.05.21 को छात्रावास के स्टोर रूम से पंखा, गैस, सिलेंडर, इनवटर, बैटरी, स्ट्रीट, लाईट, बाक्स को दिनांक 17/05/2021 को अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 135/2021 धारा 457, 380 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

माल मुल्जिम की पतासाजी के लिए थाना प्रभारी लैलूंगा ग्राम बगुडेगा में अपने मुखबिरों को सक्रिय कर सूचना देने निर्देशित किये, जिस पर उनके मुखबिर द्वारा आज सूचना दिया गया कि गांव का सुभाष राठिया, त्रिलोचन राठिया, बलराम राठिया और दीपक राठिया चारों कोई काम नहीं करते हैं पर करीब एक सप्ताह से दारू, मुर्गा खा पी रहे हैं, ज्यादातर नशे में धुत रहते हैं, वे छात्रावास पर चोरी



किये होंगे। थाना प्रभारी के निर्देशन पर चारों संदेहियों को स्टाफ द्वारा थाने लाया गया, थाना प्रभारी संदेहियों से कड़ी पूछताछ किये, चारों संदेही चोरी का अपराध स्वीकार किए हैं। आरोपियों के मेमोरेंडम पर 02 इनवर्टर, 20 नग सीएफएल बल्ब पंखे, उषा कम्पनी के पंखे, गैस सिलिंडर, साउंड बॉक्स, स्ट्रीट लाईट कुल कीमती ?48,000 का जप्त किया गया है। आरोपी 1- सुभाष राठिया पिता सालिकराम राठिया उम्र 20 वर्ष 2- त्रिलोचन राठिया पिता डमरूधर राठिया उम्र 19 वर्ष 3- बलराम राठिया पिता हरिराम राठिया उम्र 19 वर्ष 4- दीपक राठिया पिता संपत राठिया उम्र 21 वर्ष सभी निवासी ग्राम बगुडेगा थाना लैलूंगा को आज गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में छ्रुस्न्रष्ट घरघोड़ा प्रस्तुत किया गया है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक एल.पी. पटेल, उपनिरीक्षक बीएस पैकरा, आरक्षक मयाराम राठिया, प्रमोद भगत, अमरदीप एक्का, जुगित राठिया, राजू तिग्गा की सराहनीय भूमिका रही है।

## महामारी को मात देने जवानों के साथ फिल्ड पर पुलिस अधिकारी कर रहे कड़ाई

- **एसडीओपी सारंगढ़ अनावश्यक घूमने वालों पर जमकर कराये कार्रवाई**
- **खरसिया एसडीओपी किये बैरियर, फिक्स पॉइंट चेक कर स्टाफ को किये प्रोत्साहित**
- **एसडीओपी धरमजयगढ़ के नेतृत्व में नगर पंचायत घरघोड़ा, धरमजयगढ़ और लैलूंगा में उलंघनकारियों पर कार्रवाई**





रायगढ़। जिले के हर अनुविभाग में पुलिस गंभीरता से लॉकडाउन का पालन करा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियों को आफिस के साथ फिल्ड में भी समय देने निर्देशित किया गया है। शहर में एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा, सीएसपी अविनाश सिंह, डीएसपी ट्राफिक पुष्पेन्द्र बघेल, डीएसपी (एएचटीयू) बेनेडिक्ट मिंज, डीएसपी सतीश भार्गव, अंजू कुमारी, ज्योत्सना चौधरी लगातार फिल्ड पर जवानों के साथ लॉकडाउन के उल्लंघनकारियों पर कार्यवाही करा रहे हैं।

इसी प्रकार पुलिस अनुविभागीय अधिकारीगण अपने-अपने क्षेत्र में लॉकडाउन का कडाई से पालन कराया जा रहा है। आज एसडीओपी खरसिया पितांबर पटेल द्वारा का हाटी बेरियर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया , जहां उपस्थित जिले स्टाफ को चेकिंग के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही उनके द्वारा छाल क्षेत्र में फिक्स पॉइंट एवं पेट्रोलिंग पार्टी को चेक कर अच्छे से ड्यूटी करने प्रोत्साहित किया गया है। सारंगढ़ क्षेत्र में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सारंगढ़ जितेन्द्र खुंटे द्वारा आज नगर में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक मनीष रात्रे, थाना प्रभारी सारंगढ़ गौरीशंकर दुबे के साथ अनेक स्थानों में अनावश्यक घूम रहे लोगों पर चालानी कार्रवाई किया गया है। एसडीओपी धरमजयगढ़ सुशील नायक द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में लॉकडाउन का उल्लंघन के मामलों को देखते हुये प्रतिदिन एक थानाक्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्था देखा जा रहा है। उनके नेतृत्व में नगर पंचायत घरघोड़ा लैलूंगा एवं धर्मजयगढ़ क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लॉकडाउन के उल्लंघन करने वालों पर पुलिस जमकर कार्यवाही कर रही है। छ्रस्क्क गरिमा द्विवेदी द्वारा सरिया व पुसौर क्षेत्र में व्यवस्था बनाए हुए है।

## कोरोना से निपटने इंग्लैंड में पढ़ रही शहर की डॉ.दीप्शा अग्रवाल ने दिए 50 ऑक्सीमीटर

**रायगढ़ ।** कोरोना महामारी से निपटने के लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग शासन प्रशासन को मिल रहा है। रायगढ़ की बेटी डॉ.दीप्शा अग्रवाल जो कि अभी जॉन रेडक्लिफ हॉस्पिटल, ऑक्सफोर्ड में रेडियोलॉजी की उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही है अपने शहर अपने जिले में कोरोना संक्रमण की लड़ाई को मजबूती देने क्राउड फंडिंग के जरिये 50 ऑक्सिमीटर प्रदान किया है। जिसे उनकी माता श्रीमती दीप्ती अग्रवाल ने कलेक्टर भीम सिंह को सौंपा। कलेक्टर सिंह इस सहयोग के लिए उनका आभार जताया। उल्लेखनीय है कि डॉ दीप्शा अग्रवाल रायगढ़ निवासी शैलेश अग्रवाल एवं शिक्षा विभाग में



सहायक संचालक दीप्ति अग्रवाल की बेटी हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय कार्मेल स्कूल में हुई है। उन्होंने अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई रायपुर मेडिकल कॉलेज से 2018 में पूरी की थी। वर्तमान में वह इंग्लैंड में मेडिकल की आगे की पढ़ाई कर रही हैं।

# सुखापाली गौठान की महिला समूह ने वर्मी खाद और केंचुआ बेच कर कमाए 2.58 लाख

- **गोधन न्याय योजना से मिली महिलाओं को एक नई राह**
- **जिले टॉप 10 गोठान में शामिल**

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की गोधन न्याय योजना को लेकर ग्रामीणों और किसानों में उत्साह है। इस योजना के तहत रायगढ जिले के गौठानों में नियमित रूप से गोबर की खरीदी हो रही है। गौठानों से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों गोबर से वर्मी कम्पोस्ट खाद के उत्पादन में जुटी है। जिले के सभी गौठानों में गोबर की खरीदी और वर्मी खाद तैयार करने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। रायगढ़ जिले के विकासखण्ड बरमकेला के



ग्राम सुखापाली की 10 सदस्यी महिला समूह ने जैविक खाद विक्रय कर 1 लाख 20 हजार 728 रुपये और केंचुओं की बिक्री से 1 लाख 37 हजार 500 रुपये सहित अब तक कुल 2 लाख 58 हजार 228 रूपए की आय अर्जित की है। गोधन न्याय योजना से प्रगति ग्राम संगठन की महिला स्व-सहायता समूह ने यह सिद्ध किया है कि यदि किसी भी काम को लगन से किया जाए तो उसका परिणाम सुखद ही होता है।

समूह की दीदी श्रीमति सरिता साहू, श्रीमति नर्मदा श्रीवास एवं श्रीमति रजनी साहू ने बताया कि कृषि विभाग के द्वारा वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार करने का नियमित प्रशिक्षण दिया जाता रहा है और आवश्यकता अनुसार सभी तकनीकी सहयोग दिया गया। यही कारण है कि वर्मी खाद्य का उत्पादन बेहतर हो सका है। जैविक खाद्य बनाने का कार्य सुखापाली गौठान में निरंतर जारी है तथा हम 10 सदस्यी समूह कि महिलाओं को लाभ हुआ हैं। उन्होंने बताया कि समूह की महिलाएं गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाली गृहणी है, जो कभी अपने दैनिक जरूरतों के लिए परेशान हुआ करती थी। जब से शासन द्वारा गौठान विकास का कार्य करते हुए गोधन न्याय योजना के माध्यम से गोबर खरीदी और खाद उत्पादन को बढ़ावा दिया गया है तब से हमारे आजीविका के नए रास्ते खुले है। अब हम महिलाएं जैविक खाद्द तैयार करने में सक्षम हो गई है और गौठान में इसका निरंतर उत्पादन कर रहीं है।

**गोधन योजना से खुला रोजगार का द्वार** – गोधन न्याय योजना बहुत कारगर साबित हो रही है। वैश्विक महामारी कोरोना काल के दौरान ग्रामीणों के लिए आमदनी का बेहतर स्त्रोत बन कर उभरा है। जिसके कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था बनी हुई है। गौठान में गोबर खरीदी से अनेक प्रकार के रोजगार सृजन हुए है। प्रत्यक्ष रूप से गोबर बेचकर ग्रामीण लाभ कमा रहें है और गोबर से जैविक खाद और अन्य उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर महिला स्व-सहायता समूह भी लाभ कमा रहीं है। सहीं मायने में यह परम्पराओं के साथ विकास की ओर अग्रसर करने वाली योजना सिद्ध हो रहीं है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480